जिले में 78 को मिलेगी स्कूटी

कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना में पांच को दी स्कूटी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

उदयपुर. कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना (वर्ष 2019-20) का राज्य स्तरीय स्कूटी वितरण का वर्चुअल समारोह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, उच्च शिक्षा मंत्री भंवर सिंह भाटी एवं अतिथियों की उपस्थिति में शुक्रवार को हुआ। आयोजन में राज्य के सभी 33 जिला नोडल महाविद्यालय जुड़े रहे।

जिला मुख्यालय पर अतिरिक्त जिला कलक्टर ओ.पी.बुनकर ने संकेतात्मक रुप से पांच छात्राओं को स्कूटी प्रदान की। इसमें हाड़ारानी राजकीय महाविद्यालय सलूम्बर की छात्रा जया चौबीसा, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय की नाजरीन, ईशा पालीवाल व दीपशिखा भारवा तथा विज्ञान महाविद्यालय की ज्योति कुमारी धाकड़ को स्कूटी प्रदान की गई। योजना के तहत जिले की 78 छात्राओं को स्कूटी प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. शशी सांचीहर एवं डॉ. बृजसुन्दर मण्डोवरा, जिला नोडल अधिकारी उपस्थित थे।